**Publication:** Nai Dunia
**Date:** 31/08/2013
**Edition:** Indore
**Page No:** 18
**Headline:** Test of technical knowledge

# टेक्निकल नॉलेज की हुई परख

**TCS IT WIZ**

**इंदौर।** टीसीएस आईटी विज में शुक्रवार को स्टूडेंट्स के टेक्निकल नॉलेज की परख हुई। खंडवा रोड स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में भोपाल, देवास व इंदौर के 1200 स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया।

सुबह 10.30 बजे से शुरू हुई कॉम्पीटिशन में फाइनल टीम सिलेक्ट करने के लिए पहले रिटर्न एग्जाम ली गई। इसमें 1200 स्टूडेंट्स शामिल हुए। रिटर्न एग्जाम में प्रोजेक्टर के जरिए 20 प्रश्न प्रतिभागियों से किए गए। ये प्रश्न मौखिक, दृश्य व ऑडियो विजुअल रूप में थे। एक प्रश्न का जवाब देने के लिए प्रतिभागियों के पास 1 मिनट का समय था। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले 12 स्टूडेंट्स की 6 टीमें बनाई गईं। फिर इन टीमों के बीच शुरू हुआ रीजनल फाइनल कॉम्पीटिशन। कॉम्पीटिशन की विशेषता एंनिमेशन आधारित क्विज सॉफ्टवेयर रहा। फाइनल कॉम्पीटिशन में 6 राउंड रखे गए।

## फाइनल राउंड में भोपाल के स्टूडेंट्स बने विजेता

फाइनल राउंड में भोपाल के सागर एकेडमी स्कूल की टीम 80 अंकों के साथ विजेता रही। वहीं इंदौर के न्यू ग्रीनफील्ड पब्लिक एकेडमी की टीम 55 अंकों के साथ फर्स्ट रनरअप रही। कंपनी द्वारा फाइनल राउंड के विजेता को आईपैड दिया गया, जबकि फर्स्ट रनरअप को गैलेक्सी टैबलेट मिला।